सन्दर्भ- कार्यालय जिलाधिकारी, देहरादून का पत्रांक 60/LBC-2024 दिनांक 13 मई 2024 एवं आपका पत्रांक 745/ज०वि०म०/एन०जी०टी० दिनांक 15.05.2024।

<u>अधीक्षण अभियंता, जल विज्ञान मण्डल, बहादराबाद।</u>

कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या 417/2022 निरजन बागची बनाम उत्तराखण्ड राज्य में सुनवाई हेतु नियत दिनांक 13.05.2024 को सुनवाई में मा० एन० जी० टी० द्वारा रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्र का तत्काल सीमांकन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण का अध्ययन कार्य पूर्ण करने के उपरांत, भौतिक सीमांकन करने हेतु अनुसन्धान एवं नियोजन खंड, देहरादून एवं सिचाई खंड, देहरादून के सहयोग हेतु Consultant की दो टीम को लगा दिया गया है एवं सीमांकन का कार्य अनुसन्धान एवं नियोजन खंड, देहरादून द्वारा आज दिनांक 15.05.2024 को प्रारम्भ कर दिया गया है। सीमांकन के पश्चात् प्रतिषिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रो मे आने वाली सम्पत्ति का ब्यौरा तैयार कर बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम- 2012 में निहित प्राविधानो के अनुसार अंतरिम एवं अंतिम अधिसूचना निर्गत की जाएगी एवं उसके बाद स्थायी स्तम्भ (Pilar) लगाये जायेंगे। सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(जयेंद्र सिंह)
अधिशासी अभियंता
जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद

<u>पत्रांक - 415 / ज.वि.ख./FPZ तद्दिनांक – 15.05.2024</u>

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. अधिशासी अभियंता, अनुसन्धान एवं नियोजन खंड, देहरादून।
2. अधिशासी अभियंता, सिचाई खंड, देहरादून।

(जयेंद्र सिंह)
अधिशासी अभियंता
जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद

अनुलग्नक – 2

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड**
**देहरादून**

पत्रांकः– 1310 /अ0नि0ख0दे0/FPZ                                                दिनांकः 21/05/2024

विषयः– रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण का सीमांकन किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 415/जा0वि0म0/FPZ, दिनांक 15.05.2024।

जिलाधिकारी, महोदय देहरादून का पत्रांक 50/LBC-2024, दिनांक 13.05.2024।

<u>अधिशासी अभियन्ता, जल विज्ञान मण्डल, बहादराबाद, हरिद्वार।</u>

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के क्रम में इस कार्यालय का पत्रांक–1280/अ0नि0ख0दे0/FPZ, दिनांक 18.05.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के फील्ड में सीमांकन के पश्चात् नदी की चौड़ाई में हुई कमी के पश्चात् 25 साल एवं 100 साल की बाढ़ आवृत्ति में आने वाले Flood के Hydraulic Parameter यथा Discharge Density, Velocity, River Gradient, Scourdepth आदि का अध्ययन यदि आपके द्वारा पूर्ण करा लिया गया हो, तो उसकी रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित करने की अपेक्षा की गई थी। दिनांक 22.05.2024 को नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत रिस्पना नदी के शेष रीच में Visiontech Consultancy Services के 02 कन्सलटेन्ट टीम के Mr. Litu Swain एवं Mr. Jhantu Pandit के द्वारा इस खण्ड के सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं अपर सहायक अभियन्ता की उपस्थिति में 25 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा एवं 100 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा का सीमांकन/निशान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस खण्ड के सहायक अभियन्ता–तृतीय व सप्तम् की आख्या के क्रम में एवं अधोहस्ताक्षरी के साइट निरीक्षण करने पर रिस्पना नदी के राग भाग में कतिपय् स्थलो पर जो तथ्य उजागर हुये है, सारणी के अनुसार निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | स्थान/बिन्दु | चैनेज कि0मी0 | 25 वर्ष आवृत्ति के Flood हेतु में नदी की चौड़ाई (सीमांकन) मी0 में | 100 वर्ष आवृत्ति के Flood हेतु मे नदी की चौड़ाई (सीमांकन) मी0 मे | सजरा के अनुसार नदी की चौड़ाई मी0 में। | सजरे के अनुसार नदी की चौड़ाई मे हो रही कमी (प्रतिशत मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R/357 | 17.85 | 26 | 30 | – | – |
| 2 | L/368 | 18.40 | 16 | 18 | – | – |
| 3 | एम0डी0डी0ए0 पुल R/379 | 18.95 | 15 | 16 | 100 | 86 |
| 4 | अपर राजीव नगर पुल R/412 | 20.60 | 40 | 40 | 80 | 50 |
| 5 | रिस्पना पुल L/432 | 21.60 | 35 | 48 | 76 | 37 |
| 6 | रेलवे पुल L/446 | 22.30 | 98 | 100 | 92 | – |
| 7 | रेलवे पुल L/446 | 22.30 | 98 | 100 | 92 | – |
| 8 | रामनगर/R-466 | 23.30 | 34 | 34 | 96 | 65 |
| 9 | सचिवालय कालोनी /R-480 | 24.30 | 47 | 70 | 100 | 30 |
| 10 | नई बस्ती ब्रिज/R-536 | 26.80 | 50 | 68 | 120 | 46 |

उपरोक्त सारणी में यह पाया गया कि सजरे के अनुसार रिस्पना नदी में सीमांकन होने पर नदी की चौड़ाई में लगभग 30 से 86 प्रतिशत की कमी हो रही है। सीमांकन के पश्चात् नदी की चौड़ाई में हुई कमी के पश्चात् 25 साल एवं 100 साल की बाढ़ आवृत्ति में आने वाले Flood के Hydraulic Parameter यथा Discharge Density, Velocity, River Gradient, Scourdepth आदि का अध्ययन यदि आपके द्वारा पूर्ण करा लिया गया हो, तो उसकी पूर्ण रिपोर्ट इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त यह भी संज्ञान में आया है कि रिस्पना नदी में नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागो यथा सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जल संस्थान, विधायक निधि आदि के द्वारा समय-समय पर बाढ़ सुरक्षा कार्य कराये गये है। इस प्रकार जिन स्थलो पर दीवार का निर्माण किया गया है एवं जिन स्थलों पर दीवार का निर्माण कार्य नहीं किया गया, वहां पर 25 एवं 100 वर्ष की Flood Frequency से नदी की चौड़ाई मे अत्यधिक भिन्नता आ रही है, जिसकी व्यवहारिकता का परीक्षण यदि कन्सलटेन्ट द्वारा कर लिया गया हो, तो पुनः अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध में पूर्ण रिपोर्ट हार्ड एवं सोफ्ट कॉपी में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। जिससे प्रकरण उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जा सके।

संलग्नकः- सजरा शीट की छायाप्रति।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

पत्रांकः- 1310 /अ0नि0ख0दे0/तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता, परियोजना मण्डल देहरादून ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, जल विज्ञान मण्डल, बहादराबाद।
3. सहायक अभियन्ता- तृतीय व सप्तम् अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून को क्रमशः उनके पत्रांक-84/स0अ0-III/अ0नि0ख0दे0/FPZ, दिनांक 24.05.2024 एवं पत्रांक-56 स0अ0-VII/अ0नि0ख0दे0/FPZ, दिनांक 24.05.2024 के क्रम में।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

अनुलग्नक-3

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड,
देहरादून।

प्रेषित,

जिला अधिकारी,
देहरादून।

पत्रांक– 1320 /अ०नि०ख०दे०/बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण/ दिनांकः– 25/5/2024

विषयः– रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण का सीमांकन करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ:– आपके कार्यालय पत्रांक 50/RDC–2024 दिनांक 13 मई 2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि अधिशासी अभियन्ता जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत रिस्पना नदी के चैनेज–9.800 कि०मी० से 27.300 कि०मी० तक का बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण का अध्ययन कार्य पूर्ण करने के उपरान्त सीमांकन करने हेतु भेजी गई कन्सलटेन्ट टीम के साथ इस खण्ड के सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं अपर सहायक अभियन्ता की उपस्थिति में कन्सलटेन्ट टीम के द्वारा 25 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (प्रतिषिद्ध क्षेत्र) एवं 100 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (निर्बन्धित क्षेत्र) का फील्ड में सीमांकन/निशान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फील्ड में सीमांकन/निशान का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम–2012 के प्राविधानों के अनुसार प्रतिषिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रों में आने वाली समस्त परिसंपत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किया जाना है, जिस हेतु जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद व इस खण्ड के साथ सम्बन्धित विभिन्न विभाग यथा राजस्व विभाग, नगर निगम देहरादून, देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण एवं वन विभाग के सहयोग की नितान्त आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के अन्तर्गत प्रतिषिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रों में आने वाली समस्त परिसंपत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किया जाने हेतु अपने स्तर से उक्त समस्त विभागों को निर्देशित करने एवं समिति गठित करने की कृपा करें, एवं इसके अतिरिक्त यह भी अनुरोध है कि जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद को भू–अभिलेख कार्यालय से सजरा एवं खसरा की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराये जाने हेतु भू–अभिलेख कार्यालय को भी निर्देशित करने की कृपा करें।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

पत्रांकः– 1320 /अ०नि०ख०दे०/बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण/तद्दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, परियोजना मण्डल, देहरादून।
2. अधीक्षण अभियन्ता, जल विज्ञान मण्डल, बहादराबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद को उनके पत्रांक–415/ज०वि०ख०/FPZ दिनांक 15.05.2024 के क्रम में इस आशय के साथ प्रेषित है कि कृपया बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम 2012 के प्राविधानों के अनुसार सजरा सीट में 25 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (प्रतिषिद्ध क्षेत्र) एवं 100 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (निर्बन्धित क्षेत्र) को निर्धारित/अंकन करने का कष्ट करें।
4. सहायक अभियन्ता–तृतीय, पंचम एवं सप्तम् अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड, देहरादून।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

संलग्नक-3

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड,
देहरादून।

प्रेषित,

जिला अधिकारी,
देहरादून।

पत्रांकः- 1320 /अ0नि0ख0दे0/बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण/ दिनांकः- 25/5/2024
विषयः- रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण का सीमांकन करने के सम्बन्ध मे।
सन्दर्भः- आपके कार्यालय पत्रांक 50/RBC-2024, दिनांक 13 मई 2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम मे अवगत कराना है कि अधिशासी अभियन्ता, जल विज्ञान
खण्ड, बहादराबाद के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत रिस्पना नदी के चैनेज-9.800 कि0मी0 से
27.300 कि0मी0 तक का बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण का अध्ययन कार्य पूर्ण करने के उपरान्त सीमांकन करने हेतु
भेजी गई कन्सलटेन्ट टीम के साथ इस खण्ड के सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं अपर सहायक अभियन्ता की
उपस्थिति मे कन्सलटेन्ट टीम के द्वारा 25 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (प्रतिषिद्ध क्षेत्र) एवं 100 वर्षीय बाढ़
आवृत्ति की सीमा (निर्बन्धित क्षेत्र) का फील्ड में सीमांकन/निशान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फील्ड में
सीमांकन/निशान का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम-2012 के प्राविधानों के
अनुसार प्रतिषिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रों में आने वाली समस्त परिसम्पत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किया जाना
है, जिस हेतु जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद व इस खण्ड के साथ सम्बन्धित विभिन्न विभाग यथा राजस्व
विभाग, नगर निगम देहरादून, देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण एवं वन विभाग के सहयोग की नितान्त
आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के अन्तर्गत प्रतिषिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रों में आने वाली समस्त
परिसम्पत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किया जाने हेतु अपने स्तर से उक्त समस्त विभागो को निर्देशित
करने एवं समिति गठित करने की कृपा करें, एवं इसके अतिरिक्त यह भी अनुरोध है कि जल विज्ञान खण्ड,
बहादराबाद को भू-अभिलेख कार्यालय से सजरा एवं खसरा की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराये जाने हेतु
भू-अभिलेख कार्यालय को भी निर्देशित करने की कृपा करें।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

पत्रांकः- 1320 /अ0नि0ख0दे0/बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण/तद्‌दिनांकः-
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अधीक्षण अभियन्ता, परियोजना मण्डल, देहरादून।
2. अधीक्षण अभियन्ता, जल विज्ञान मण्डल, बहादराबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद को उनके पत्रांक-415/ज0वि0ख0/FPZ दिनांक 15.05.2024 के क्रम में इस आशय के साथ प्रेषित है कि कृपया बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम 2012 के प्रविधानो के अनुसार सजरा सीट में 25 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (प्रतिषिद्ध क्षेत्र) एवं 100 वर्षीय बाढ़ आवृत्ति की सीमा (निर्बन्धित क्षेत्र) को निर्धारित/अंकन करने का कष्ट करें।
4. सहायक अभियन्ता-तृतीय, पंचम एवं सप्तम् अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड, देहरादून।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

अनुसंधान एवं नियोजन 1693 07/06/24 देहरादून

: आदेश :

अधिशासी अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड, देहरादून के पत्र संख्या 1126/ [illegible] दिनांक 29.05.2024 के द्वारा [illegible] किया गया है, कि [illegible] नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत रिस्पना नदी के [illegible] किलोमीटर [illegible] परियोजना का [illegible] कार्य पूर्ण करने के [illegible] [illegible] किया जाना है। [illegible] 25 [illegible] की सीमा [illegible] सीमांकन/चिन्हान का कार्य पूर्ण [illegible] किया गया है। सीमांकन/चिन्हान का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त [illegible] परियोजना अधिनियम-2012 के प्राविधानों के अनुसार प्रभावित एवं चिन्हित क्षेत्रों में आने वाली समस्त परिसम्पत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किया जाना है, जिस हेतु [illegible] खण्ड, [illegible] व इस खण्ड के साथ सम्बन्धित विभिन्न विभाग यथा राजस्व विभाग, नगर निगम देहरादून, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण एवं वन विभाग के सहयोग द्वारा किया जाना है। सीमांकन/चिन्हान का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त [illegible] परियोजना अधिनियम-2012 के प्राविधानों के अनुसार प्रभावित एवं चिन्हित क्षेत्र में आने वाली समस्त परिसम्पत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किये जाने हेतु निम्न प्रकार अधिकारियों की संयुक्त टीम का गठन किया जाता है:

01- उपाध्यक्ष, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून (द्वारा नामित प्रतिनिधि)।
02- नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून (द्वारा नामित प्रतिनिधि)।
03- प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग देहरादून (द्वारा नामित प्रतिनिधि)।
04- उप जिलाधिकारी (सदर) देहरादून (द्वारा नामित प्रतिनिधि)।
05- अधिशासी अभियन्ता, [illegible] खण्ड, [illegible] ([illegible])।
06- अधिशासी अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून।

अतः उपरोक्त गठित समिति को निर्देशित किया जाता है, कि [illegible] परियोजना अधिनियम-2012 के प्राविधानों के अनुसार प्रभावित एवं चिन्हित क्षेत्र में [illegible] परिसम्पत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार कर अनुपालन आख्या/रिपोर्ट इस कार्यालय [illegible] सुनिश्चित करें।

दिनांक- 03.06.2024

[illegible]

## कार्यालय जिलाधिकारी देहरादून।

संख्या 121 /एल0ए0सी0-2024 — दिनांक [illegible] 2024

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
जिलाधिकारी महोदया को सादर सूचनार्थ।
02- उपाध्यक्ष, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।
03- नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।
04- प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग देहरादून/मसूरी।
05- उप जिलाधिकारी (सदर) देहरादून।
06- अधिशासी अभियन्ता, [illegible] खण्ड, [illegible] ([illegible])
07- अधिशासी अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून।

[illegible]

# कार्यालय तहसीलदार देहरादून।

पत्रांक सं0–/०/2/आर0सी/2024

दिनांक–21.06.2024

1. राजस्व उपनिरीक्षक, चामासारी ( मो0 6305575066)
2. राजस्व उपनिरीक्षक, जाखन ( मो0 9368964692)
3. राजस्व उपनिरीक्षक, नालंग (मो0 9456517064)
4. राजस्व उपनिरीक्षक, गुच्चुपानी मानसिंह (मो0 8279451933
5. राजस्व उपनिरीक्षक, अधोईवाला (मो0 8279510757)
6. राजस्व उपनिरीक्षक, बद्रीपुर ( मो0 9412381386)
7. राजस्व उपनिरीक्षक, अजबपुरकलां ( मो0 9719422712)

जिलाधिकारी महोदया के आदेश 121/एल0पी0सी0–2024 दिनांक 06.06.2024 के द्वारा बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम–2012 के प्राविधानों के अनुसार रिस्पना नदी का प्रतिषिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रों में आने वाली समस्त परिसंपत्तियों के स्वामियों का विवरण तैयार किया जाना है जिस हेतु जल विज्ञान खण्ड बहादराबाद व अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून के साथ सम्बन्धित विभिन्न विभाग यथा राजस्व विभाग, नगर निगम देहरादून, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण एवं वन विभाग के सहयोग द्वारा किया जाना है।

अतः जिलाधिकारी महोदया के आदेश के क्रम में उपरोक्त टीम का गठन करते हुए निर्देशित किया जाता है कि जल विज्ञान खण्ड बहादराबाद (आई0आर0आई0 रुड़की) हरिद्वार व अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून के साथ समन्वय कर वांछित विवरण अतिशीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें।

तहसीलदार (सदर)
देहरादून।

प्रतिलिपि :– अधिशासी अभियन्ता, जल विज्ञान खण्ड बहादराबाद (आई0आर0आई0 रुड़की) हरिद्वार व अधिशासी अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ कर्मचारी/अधिकारी को समस्त अभिलेखों सहित उपरोक्त संयुक्त निरीक्षण में प्रतिभाग करने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

तहसीलदार (सदर)
देहरादून।

संलग्नक–6

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड,
देहरादून।

प्रेषित,

1. उपाध्यक्ष देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण, देहरादून।
2. नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून
3. प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, देहरादून।
4. उप जिलाधिकारी, (सदर), देहरादून
5. अधिशासी अभियन्ता, जल विज्ञान खण्ड, बहादराबाद, (आई0आर0आई0 रूड़की)।

पत्रांकः– 1139/अ0नि0ख0दे0/ दिनांकः– 10/9/ 2024

विषयः– रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः–जिलाधिकारी महोदया के पत्र–1012/आर0सी0/2024/दिनांक 21.08.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक के कम में अवगत कराना है कि वर्तमान में देहरादून नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत रिस्पना नदी के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण में फील्ड में सीमांकन/निशान का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम 2012 के प्राविधानों के अनुसार प्रतिसिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्रों में आने वाली समस्त परिसम्पत्तियों के स्वामियों का विवरण निम्न राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा तैयार किया जा रहा है।

1. राजस्व उपनिरीक्षक, चामासारी मो0–6395575065
2. राजस्व उपनिरीक्षक, जाखन मो0–9368964692
3. राजस्व उपनिरीक्षक, चालांग मो0–9456517064
4. राजस्व उपनिरीक्षक, गुजराड़ा मानसिंह मो0–8279451933
5. राजस्व उपनिरीक्षक, अधोईवाला मो0–8279510757
6. राजस्व उपनिरीक्षक, बद्रीपुर मो0–9412381385
7. राजस्व उपनिरीक्षक, अजबपुर कला मो0–9719422712

अतः आपसे अनुरोध है कि बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के प्रतिसिद्ध एवं निर्बन्धित क्षेत्र में आने वाली अपनी भूमि के सम्पत्तियों का विवरण सम्बन्धित राजस्व उपनिरीक्षकों को देने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, जिससे की बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण किया जा सके।

अधिशासी अभियन्ता
अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड
देहरादून

उत्तराखण्ड शासन
सिंचाई अनुभाग-2
संख्या-1533/II-2014/06(103)/2013
देहरादून : दिनांक 6 जुलाई, 2015

## अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम 2012 (अधिनियम संख्या 07 वर्ष 2013) में निहित प्राविधानों के अधीन संगत अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी/बाढ़ परिक्षेत्रण अधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ परिक्षेत्रण के क्रियान्वयन प्रयोजनार्थ निम्नवत् समिति गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

1. जिलाधिकारी/बाढ़ परिक्षेत्रण प्राधिकारी — अध्यक्ष
2. राजस्व विभाग का एक प्रतिनिधि (जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा नामित किया जायेगा) — सदस्य
3. जिले की सीमा में बाढ़ क्षेत्रानुसार कार्यरत सिंचाई विभाग के समस्त अधिशासी अभियन्ता जिला मुख्यालय पर पदस्थापित अधिशासी अभियन्ता को नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा) — सदस्य
4. नगर निकाय के समूह "ख" व उससे उच्च अधिकारी — सदस्य
5. जिले की सीमा में बाढ़ क्षेत्रानुसार कार्यरत वन विभाग के समस्त प्रभागीय वनाधिकारी — सदस्य
6. जनपदों में स्थापित/कार्यरत यथास्थिति विकास प्राधिकरण/अन्य प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, — सदस्य

उक्त समिति बाढ़ मैदान परिक्षेत्र का सर्वेक्षण/चित्रण का अन्तिमीकरण कर बाढ़ परिक्षेत्रण अधिकारियों/जिलाधिकारियों का अनुमोदन प्राप्त कर विहित रीति से अपना प्रस्ताव राज्य सरकार को अग्रेसित करेगा।

(आनन्द बर्द्धन)
सचिव।

—2

पृ0 संख्या– 1533/II–2014/06 (103)/2013 तद्दिनांकित्।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, (अवस्थापना/एफ0आर0डी0सी0) उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिव, श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड।
6. सचिव, आवास/शहरी विकास को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को समस्त अधिनस्थ प्राधिकरणों को सूचित/उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।
7. आयुक्त गढ़वाल/कुमाँऊ पौड़ी/नैनीताल।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. महालेखाकार उत्तराखण्ड।
10. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड को इस आशय से कि उक्त अधिसूचना को समस्त प्रभागीय वनाधिकारियों को सूचित/उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।
11. मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग को इस आशय से कि उक्त अधिसूचना को समस्त अधिशासी अभियन्ताओं को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. निदेशक, शहरी एवं नगरीय विकास को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को समस्त नगर निकाय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
13. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भागीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण, देहरादून।
14. निदेशक एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर देहरादून।
15. संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को असाधारण खण्ड के भाग–4 में प्रकाशित करते हुये 200 प्रतियां शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
16. निजी सचिव, मा0 सिंचाई मंत्री उत्तराखण्ड सरकार।
17. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सुनीलश्री पांथरी)
संयुक्त सचिव।

# उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012

(उत्तराखण्ड अधिनियम सं० 07 वर्ष 2013)

## अनुक्रमणिका


| धाराएं | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | **अध्याय–एक** | |
| | **प्रारम्भिक** | |
| 1. | संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ | 2 |
| 2. | परिभाषाएं | 2–3 |
| | **अध्याय–दो** | |
| | **बाढ़ परिक्षेत्रण प्राधिकारी तथा उसकी शक्तियाँ** | |
| 3. | बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण की घोषणा | 3–4 |
| 4. | बाढ़ परिक्षेत्रण अधिकारी की शक्तियां और कृत्य | 4 |
| | **अध्याय–तीन** | |
| | **बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण के सर्वेक्षण एवं चित्रण** | |
| 5. | सर्वेक्षण | 4 |
| 6. | सर्वेक्षण की शक्ति | 4–5 |
| 7. | नुकसानी का संदाय | 5 |
| | **अध्याय–चार** | |
| | **बाढ़ मैदानों की परिसीमाओं की अधिसूचना** | |
| 8. | बाढ़ मैदानों क्षेत्रों को चिन्हित करने के राज्य सरकार के आशय की घोषणा | 5 |
| 9. | सार्वजनिक सूचनाएं | 5–6 |
| 10. | आक्षेप | 6 |
| 11. | राज्य सरकार का विनिश्चय | 6–7 |
| | **अध्याय– पाँच** | |
| | **बाढ़ मैदान के उपयोग का प्रतिषेध एवं निर्बन्धन** | |
| 12. | बाढ़ मैदान में बाधा आदि के प्रतिषेध की शक्ति | 7 |
| 13. | शास्ति | 8 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 14. | अपराध शमन करने की शक्ति | 8 |
| 15. | अपील | 8 |
| 16. | पुनरीक्षण | 9 |

अध्याय– छः

प्रतिकर

| | | |
|---|---|---|
| 17. | प्रतिकर का संदाय | 9 |
| 18. | सहमति से प्रतिकर और प्रभाजन का अवधारण | 10 |
| 19. | प्रतिकर का ग्राहण नहीं होना | 10 |
| 20. | अधिनिर्णय (अवार्ड) के विरुद्ध आवेदन | 10–11 |
| 21. | धारा 20 के अधीन आवेदन पत्रों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया और प्राधिकारियों की शक्तियाँ | 11 |
| 22. | विनिश्चय का सिविल न्यायालय की डिक्री के रूप पर प्रवर्तनीय होना | 11 |
| 23. | अधिनिर्णय के अधीन संदाय | 11 |

अध्याय– सात

प्रतिषेद्ध के पश्चात् बाधाएं हटाने की शक्ति

| | | |
|---|---|---|
| 24. | प्रतिषेद्ध के पश्चात् बाधाएं हटाने की शक्ति | 11–12 |

अध्याय– आठ

विविध

| | | |
|---|---|---|
| 25. | बाढ़ परिक्षेत्रण प्राधिकारी को कोई कार्य करने से रोकना अपराध होगा | 12 |
| 26. | बाढ़ परिक्षेत्रण प्राधिकारी, अन्य अधिकारियों का लोक सेवक होना | 12 |
| 27. | सद्भाव से कार्यवाही का संरक्षण | 12–13 |
| 28. | जुर्माने की वसूली | 13 |
| 29. | न्यायालय की शक्ति | 13 |
| 30. | नियम बनाने की शक्ति | 13 |
| 31. | निरसन और अपवाद | 14 |

THE UTTARAKHAND FLOOD PLAIN ZONING ACT, 2012

[UTTARAKHAND ACT NO. 07 OF 2013]

# INDEX



| Section | Particular | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | CHAPTER-I | |
| | PRELIMINARY | |
| 1. | Short title, extent and commencement | 15 |
| 2. | Definitions | 15–16 |
| | CHAPTER-II | |
| | FLOOD ZONING AUTHORITY AND IT'S POWERS | |
| 3. | Declaration of flood plain zoning | 16 |
| 4. | Powers and functions of the Flood Zoning Authority | 17 |
| | CHAPTER - III | |
| | SURVEYS AND DELINEATION OF FLOOD PLAIN AREA | |
| 5. | Survey | 17 |
| 6. | Power to take up survey | 17–18 |
| 7. | Payment of damages | 18 |
| | CHAPTER-IV | |
| | NOTIFICATION OF LIMITS OF FLOOD PLAINS | |
| 8. | Declaration of intention of State Government to demarcate flood plains areas | 18 |
| 9. | Public Notices | 18 |
| 10. | Objections | 19 |
| 11. | Decision of State Government | 19–20 |
| | CHAPTER-V | |
| | PROHIBITION OR RESTRICTION OF THE USE OF THE FLOOD PLAINS | |
| 12. | Power to prohibit obstruction etc. in flood plain | 20 |
| 13. | Penalty | 21 |
| 14. | Power to Compound | 21 |
| 15. | Appeal | 21 |
| 16. | Revision | 22 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| | **CHAPTER-VI** | |
| | **COMPENSATION** | |
| 17. | Payment of compensation | 22 |
| 18. | Determining the compensation and apportionment by consent | 22–23 |
| 19. | Compensation not admissible | 23 |
| 20. | Application against award | 23–24 |
| 21. | Procedure and powers of authorities in deciding applications under section 20 | 24 |
| 22. | Decision enforceable as decree of civil court | 24 |
| 23. | Payment under award | 24 |
| | **CHAPTER-VII** | |
| | **POWER TO REMOVE OBSTRUCTIONS AFTER PROHIBITION** | |
| 24. | Power to remove obstructions | 24–25 |
| | **CHAPTER-VIII** | |
| | **MISCELLANEOUS** | |
| 25. | Preventing Flood Zoning Authority from doing any act to be an offence | 25 |
| 26. | Flood zoning Authority other officers to be public servants | 25 |
| 27. | Protection of action taken in good faith | 25 |
| 28. | Recovery of fine | 25 |
| 29. | Power of Court | 26 |
| 30. | Power to make rules | 26 |
| 31. | Repeal and Saving | 26 |

क्रम संख्या-10

पंजीकृत संख्या-यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0-30/2013-14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

# सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

## असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग-1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, सोमवार, 28 जनवरी, 2013 ई0

माघ 08, 1934 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 31/XXXVI(3)/2013/68(1)/2012

देहरादून, 28 जनवरी, 2013

### अधिसूचना

### विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण विधेयक, 2012' पर दिनांक 24 जनवरी, 2013 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 07 वर्ष, 2013 के रूप में सर्व-साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।